रिन्यूवल एनर्जी में उत्तराखंड को उपराष्ट्रपति के हाथों मिला अवार्ड

विशेष श्रेणी के राज्यों में उत्तराखंड दूसरे स्थान पर, प्रमुख सचिव ऊर्जा ने लिया सम्मान

उपलब्धि

देहरादून, मुख्य संवाददाता। रिन्यूवल एनर्जी के क्षेत्र में उत्तराखंड विशेष श्रेणी राज्यों में दूसरे स्थान पर रहा। गुरुवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के हाथों प्रमुख सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम ने अवार्ड लिया।

उत्तराखंड को ये अवार्ड रिन्यूवल एनर्जी स्टेट एसेसमेंट फ्रेमवर्क 2026 को लेकर दिया गया। भारत रिन्यूवल एनर्जी समिट एंड एक्सपो 2026 में ये अवार्ड दिया गया। राज्यों का चयन राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदर्शन का मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा के विकास, नीतिगत, नियामकीय व्यवस्था, विद्युत ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण की तैयारी, आधारभूत संरचना की उपलब्धता समेत विभिन्न अहम मानकों पर चयन होता है।

प्रमुख सचिव ऊर्जा ने कहा कि उत्तराखंड राज्य का यह राष्ट्रीय सम्मान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व का परिणाम है। राज्य सरकार नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करने, ग्रिड एकीकरण की क्षमता को मजबूत करने के साथ ही स्वच्छ और सतत ऊर्जा विकास की दिशा में अहम सामूहिक और समन्वित प्रयास कर रही है। यह उपलब्धि ऊर्जा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। यूपीसीएल स्वच्छ, हरित, विश्वसनीय और सतत ऊर्जा व्यवस्था के विकास में अपना योगदान निरंतर जारी रखने को प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर एमडी यूपीसीएल पीसी ध्यानी, एमडी यूजेवीएनएल अजय कुमार सिंह, मुख्य अभियंता आशीष अरोरा, एसई मनोज केसरवाली, विशाल राणा, ईई सुधीर सिंह, राकेश चौहान आदि मौजूद रहे।



नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के हाथों रिन्युवल एनर्जी अवार्ड लेते प्रमुख सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम। • हिन्दुस्तान